# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला–सिवनी

क्रमांक/आईसीडीएस/आपत्ति/2025–26/1662 सिवनी, दिनांक 02/09/2025

प्रति,

01– सुश्री प्रियंका वर्मा,
संयुक्त कलेक्टर
(कलेक्टर प्रतिनिधि)
कलेक्ट्रेट, जिला–सिवनी।

02– श्रीमती चित्रा बिसेन,
माननीया जिला पंचायत सदस्य,
अध्यक्ष, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति,
जिला पंचायत, सिवनी (बरघाट )

03– श्रीमति भागवती रतन परते,
माननीया जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा नामांकित महिला प्रतिनिधि,
लखनादौन, जिला सिवनी

विषय :– आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ताओं की नियुक्ति के विरूद्ध आपत्ति के निराकरण हेतु दिनांक **10.09.2025 को समय 11:00 बजे** जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक का आयोजन बावत् ।

सन्दर्भ :– मध्यप्रदेश शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के नियुक्ति निर्देश क्रमांक 820/2133058/24/50–2, भोपाल, दिनांक 23.05.2025।

—00000—

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसमें शासन के निर्देशानुसार विकास खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका के चयन के विरूद्ध प्राप्त दावे–आपत्तियों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया जाता है।

परियोजना अधिकारियों के कार्यालयों में दावा आपत्ति प्राप्ति उपरांत अनंतिम सूची के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में आपत्तियों के निराकरण दिनांक **10/09/2025 को समय 11:00 बजे कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत समाकक्ष, जिला सिवनी** में उपस्थित रहकर उक्त समीति के द्वारा किया जायेगा।
**(मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास,
जिला–सिवनी

पृष्ठां. क्रमांक/आईसीडीएस/आपत्ति/2025–26/1663 सिवनी, दिनांक 02/09/2025

प्रतिलिपि :–

01– कलेक्टर महोदय, जिला–सिवनी की ओर सम्प्रेषित।

03– सहायक संचालक, जनसंपर्क, सिवनी की ओर सूचनार्थ एवं उक्त दावा आपत्ति निराकरण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक के आयोजन की दिनांक व स्थान का प्रकाशन समस्त प्रमुख समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु सादर प्रेषित ।

04– परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना समस्त, जिला–सिवनी की ओर प्रेषित कर लेख है, कि वर्तमान प्राप्त दावे आपत्तियों के एवं पूर्व से लंबित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका की नियुक्ति के प्रकरणों एवं माननीय न्यायालयों के द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन के संबंध में उन केंद्रों के समस्त **आपत्तियों के निराकरण हेतु दोनों पक्षों के समस्त प्रमाण एवं मूल दस्तावेजों के साथ दिनांक 10/09/2025 को समय 11:00 बजे कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत समाकक्ष, जिला सिवनी** में उपस्थित होवें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास,
जिला–सिवनी